# कार्यालय निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा/प्रारं/शैक्षिक/ए/3563/विविध/2026 दिनांक : यथाहस्ताक्षर

संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा,
समस्त।

विषय : तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के सम्बन्ध में।

प्रसंग :शासन उप सचिव, स्कूल शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर का पत्रांक : पं. 12(06) शिक्षा–5/आयोजन/2025–29411 दिनांक 31.03.2026

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र एवं संलग्नकों की प्रतियां प्रेषित कर लेख है कि तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) का आयोजन नवीन सत्र अप्रैल 2026 के प्रथम पखवाड़े (1अप्रैल से 15 अप्रैल) में करवाये जाने तथा इस पखवाड़े का नाम ऋषभ पखवाड़ा रखा जाने तथा सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन ऋषभदेव की स्तुति के साथ किये जाने के निर्देश शासन स्तर से प्राप्त हुए है। प्रदत्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

(सीताराम जाट)
I.A.S
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा एवं
पं. राज. (प्रा.शि.) विभाग,
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नाकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, प्रार. शि., कार्यालय हाजा।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा को पालनार्थ।
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत।
6. एसीपी, कम्प्युटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करवाये जाने बाबत।
7. श्री जिनेन्द्र जैन, अध्यक्ष, राजस्थान समग्र जैना युवा परिषद् पिपलाई, तहसील बामनवास, सवाई माधोपुर।

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा एवं
पं. राज. (प्रा.शि.) विभाग,
राजस्थान, बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2026.04.01 22:09:17 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21373422

राजस्थान सरकार
स्कूल शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग

कार्यालय निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा
राजस्थान–बीकानेर
- 1 APR 2026
प्रारि/निदे/ 214/428

क्रमांक : प. 12(02) शिक्षा–5 / विविध / 2024–22961 पार्ट–1 दिनांक: यथाहस्ताक्षर

निदेशक,
माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर।

428 शैक्षि-5 01/04/26

विषयः– तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के आयोजन में आंशिक संशोधन करने / करवाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः–आपका पत्र क्रमांकः शिविरा–माध्य / मा–स / चित्रकला प्रतियोगिता / 22432 / (27) / पार्ट–2 / 2026 दिनांक 20.03.2026

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में उल्लेखित कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करवाते हुए विद्यालयों के नवीन सत्र अप्रैल 2026 के प्रथम पखवाड़े (1अप्रैल से 15 अप्रैल) में करवाया जाने तथा इस पखवाड़े का नाम ऋषभ पखवाड़ा रखा जाने तथा इस दिन सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन ऋषभदेव की स्तुति के साथ किया जाना सुनिश्चित करावें।

अतः उक्त पत्र के सम्बन्ध में वर्णित दिशा–निर्देशों की अक्षरतः पालना सुनिश्चित करते हुए संबंधित संस्था को अवगत कराते हुए इस विभाग को प्रतिलिपि भिजवाने का श्रम करावें।

भवदीय

**(राजेश दत्त माथुर)**
**शासन उप सचिव**

RajKaj Ref No.: 21347150
eSign 1.0

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajesh Dutt Mathur
Designation : Deputy Secretary
Date: 2026.03.31 14:28:45 IST
Reason: Approved

Mobile: 7877735999
E-mail: rsjyp21@gmail.com
jinendrajain14319@gmail.com

।। जैनम् जयति शासनम् ।।

# राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद्

क्रमांकः 868/2026

दिनांक 9/3/2026

**जिनेन्द्र जैन**

अध्यक्ष

प्रतिष्ठा में
श्रीयुत सीताराम जी जाट साहब
माननीय निदेशक महोदय जी (अति. प्रभार)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

माननीय पदेन अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ) महोदय जी,
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)
राजस्थान, बीकानेर

विषयः- तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के आयोजन में आंशिक संशोधन करने / करवाने के सन्दर्भ में विनम्र निवेदन

सन्दर्भः- राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के पत्र समसंख्या दिनांक 14.02.2026

सम्माननीय महोदय जी,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आपका ध्यान आकृष्ट कर निवेदन है कि जैन समुदाय के शिक्षाविदों तथा समाजश्रेष्ठियों के आदेश की अनुपालना एवं अल्पसंख्यक वर्ग युवा वर्ग तथा राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के पदाधिकारियों के सुझावों और परामर्श के आधार पर आपके समक्ष तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के आयोजन करने / करवाने का निवेदन आपके समक्ष 14 फरवरी 2026 को प्रस्तुत किया गया था।

जिला एवं ब्लॉक स्तर के शिक्षा विभाग के अधिकारियों और अल्पसंख्यक वर्ग के शिक्षाविंदो एवं अल्पसंख्यक वर्ग के नवीन युवा वर्ग से जानकारी मिली है इस समय विद्यालयों में जिला समान परीक्षाएं चल रही है इसलिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के आयोजन करने में शिक्षकों ने असमर्थता व्यक्त की है एवं बच्चों को परीक्षा होने के कारण इन प्रतियोगियों एवं कार्यक्रमों की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है।

इस सन्दर्भ में अल्पसंख्यक वर्ग के समाजश्रेष्ठियों एवं शिक्षाविंदो से मार्गदर्शन और राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के पदाधिकारियों के सुझाव के आधार पर आपसे प्रार्थना है। इस वर्ष जैन धर्म के प्रवर्तक देवाधिदेव ऋषभदेव भगवान का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) 12 मार्च 2026 को आयोजित किया जा रहा है। इस दिन सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में सुबह की प्रार्थना का आयोजन ऋषभदेव की स्तुति के साथ किया जाए एवं सभी प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन (14 फरवरी को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न एनेक्सन 1 के अनुसार )विद्यालय के नवीन सत्र अप्रैल 2026 के प्रथम पखवाड़े (1अप्रैल से 15 अप्रैल) में करवाया जाए। इस पखवाड़े का नाम ऋषभ पखवाड़ा रखा जाए।

अल्पसंख्यक वर्ग के समाजश्रेष्ठियों एवं युवा वर्ग तथा राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के सभी पदाधिकारियों का आपसे प्रार्थना है कि तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के आयोजन में आंशिक संशोधन करने / करवाने का श्रम फरमावे।

सादर,

आपका स्नेहांकित

जिनेन्द्र जैन
अध्यक्ष

निवासः पिपलाई, तहसील बामनवास, सवाई माधोपुर ( राज. )- 322214

Mobile: 7877735999
E-mail: rsjyp21@gmail.com
jinendrajain14319@gmail.com

।। जैनम् जयति शासनम् ।।

# राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद्

**जिनेन्द्र जैन**
अध्यक्ष

क्रमांक: 869/2026
दिनांक 9/3/2026

प्रतिष्ठा में
श्रीयुत सीताराम जी जाट साहब,
माननीय निदेशक महोदय जी,
प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, राजस्थान, बीकानेर (राज०)

विषय:- तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के आयोजन में आंशिक संशोधन करने / करवाने के सन्दर्भ में विनम्र निवेदन

सन्दर्भ:- राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के पत्र समसंख्या दिनांक 14.02.2026

सम्माननीय महोदय जी,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आपका ध्यान आकृष्ट कर निवेदन है कि जैन समुदाय के शिक्षाविदों तथा समाजश्रेष्ठियों के आदेश की अनुपालना एवं अल्पसंख्यक वर्ग युवा वर्ग तथा राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के पदाधिकारियों के सुझावों और परामर्श के आधार पर आपके समक्ष तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के आयोजन करने / करवाने का निवेदन आपके समक्ष 14 फरवरी 2026 को प्रस्तुत किया गया था।

जिला एवं ब्लॉक स्तर के शिक्षा विभाग के अधिकारियों और अल्पसंख्यक वर्ग के शिक्षाविंदो एवं अल्पसंख्यक वर्ग के नवीन युवा वर्ग से जानकारी मिली है इस समय विद्यालयों में जिला समान परीक्षाऐं चल रही है इसलिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के आयोजन करने में शिक्षकों ने असमर्थता व्यक्त की है एवं बच्चों को परीक्षा होने के कारण इन प्रतियोगियों एवं कार्यक्रमों की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है।

इस सन्दर्भ में अल्पसंख्यक वर्ग के समाजश्रेष्ठियों एवं शिक्षाविंदो से मार्गदर्शन और राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के पदाधिकारियों के सुझाव के आधार पर आपसे प्रार्थना है। इस वर्ष जैन धर्म के प्रवर्तक देवाधिदेव ऋषभदेव भगवान का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) 12 मार्च 2026 को आयोजित किया जा रहा है। इस दिन सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में सुबह की प्रार्थना का आयोजन ऋषभदेव की स्तुति के साथ किया जाए एवं सभी प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन (14 फरवरी को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न एनेक्सन 1 के अनुसार )विद्यालय के नवीन सत्र अप्रैल 2026 के प्रथम पखवाड़े (1अप्रैल से 15 अप्रैल) में करवाया जाए। इस पखवाड़े का नाम ऋषभ पखवाड़ा रखा जाए।

अल्पसंख्यक वर्ग के समाजश्रेष्ठियों एवं युवा वर्ग तथा राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के सभी पदाधिकारियों का आपसे प्रार्थना है कि तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के आयोजन में आंशिक संशोधन करने / करवाने का श्रम फरमावे।

सादर,

आपका स्नेहांकित

जिनेन्द्र जैन
अध्यक्ष

निवास: पिपलाई, तहसील बामनवास, सवाई माधोपुर ( राज. )- 322214

।। जैनम् जयति शासनम् ।।

Mobile: 7877735999
E-mail: rsjyp21@gmail.com
jinendrajain14319@gmail.com

# राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद्

**जिनेन्द्र जैन**
**अध्यक्ष**

**क्रमांक:** 393/2026
**दिनांक** 14/2/2026

प्रतिष्ठा में,
श्रीयुत सीताराम जी जाट साहब, (अति. प्रभार)
माननीय निदेशक महोदय जी,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर /
माननीय पदेन अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ) महोदय जी,
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)
राजस्थान, बीकानेर

विषय :- तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने / करवाने के सन्दर्भ में विनम्र निवेदन ।

सम्माननीय महोदय जी ,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आपका ध्यान आकृष्ट कर निवेदन है कि वर्तमान सरकार द्वारा जैन धर्म के प्रवर्तक देवाधिदेव भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में समस्त राज्य के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में ऋषभदेव भगवान के जीवन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्णय मार्च 2025 में लिया गया था । सरकार का यह निर्णय न केवल जैन धर्म के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम था बल्कि यह प्रदेश के सभी विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परम्पराओं से परिचित कराने का सार्थक प्रयास भी है । इससे विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव की भावना का विकास हुआ है,जो उनके समग्र व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है । वर्तमान परिपेक्ष्य में इस प्रकार का आयोजन निरन्तर प्रतिवर्ष आयोजित करने की महती आवश्यकता है ।

जैन धर्म के प्रवर्तक देवाधिदेव ऋषभदेव भगवान का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक तीर्थंकर दिवस (ऋषभनवमी) दिनांक 12 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर राज्य के समस्त विद्यालयों कार्यरत स्टाफ एवं विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परम्पराओं से परिचित कराने,युवा प्रतिभाओं का पोषण करने,रचनात्मकता को बढ़ावा देने और विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में योगदान देने के क्रम में विभिन्न आयु समूह के लिए विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों का एक सांकेतिक प्रारूप ( एनेक्सन 1 संलग्न) प्रस्तुत है ।

इसी क्रम में समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों एवं उनके निदेशकों को निर्देशित किया जाए कि वह तीर्थंकर दिवस - 2026 के अन्तर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों की सूचना ( मय 04 geo Tag photograph एवं 02 वीडियो ) दिनांक 13.03.2026 को सायं 6 बजे तक अनिवार्य रूप से विद्यालयी शिक्षा विभाग की ई - मेल आई.डी एवं राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् की ई-मेल आई.डी rsjyp21@gmail.com पर उपलब्ध करवाये जाने की महती आवश्यकता है ।

आपसे सादर अनुरोध है कि तीर्थंकर दिवस पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने / करवाने का श्रम फरमावे ।

सादर,

**अनुलग्नक :- ANNEX 1**

आपका स्नेहांकित

जिनेन्द्र जैन

अध्यक्ष

।। जैनम् जयति शासनम् ।।

Mobile: 7877735999
E-mail: rsjyp21@gmail.com
jinendrajain14319@gmail.com

# राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद्

**जिनेन्द्र जैन**
अध्यक्ष

क्रमांक: 394/2026
दिनांक 14/2/2026

ANNEX 1

**तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान में सभी विद्यालयों में विभिन्न आयु समूह के लिए विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों का एक सांकेतिक प्रारूप**

**आयु वर्ग के अनुसार प्रतियोगिता**

**1.पूर्व प्राथमिक स्तर ( 3-6 वर्ष )** : चित्रकारी / पोस्टर निर्माण,श्रमणों के प्रवचन,कहानी सुनाना और प्रार्थना आदि ।

2.**प्राथमिक स्तर ( 6-10 वर्ष )** : प्रार्थना,चित्रकला,पोस्टर निर्माण,निबन्ध लेखन,श्रमणों के प्रवचन और कहानी सुनना ।
विषय :- (क).वर्तमान परिपेक्ष्य में ऋषभदेव की शिक्षाओं का महत्व (ख).तीर्थंकर ऋषभदेव का मानव हित में योगदान
(ग).मेरी संस्कृति के रंग (घ) देवाधिदेव ऋषभदेव और जीने की कला के आयाम (ङ).दूसरों की मदद करना मेरी महाशक्ति

**3.माध्यमिक स्तर (11- 18वर्ष )** : निबन्ध,कविताएं,श्रमणों के प्रवचन और डिजिटल प्रस्तुतियाँ ।
विषय:- (अ)भारतीय संस्कृति के गौरव तीर्थंकर ऋषभदेव (आ) नारी शिक्षा के प्रवर्तक तीर्थंकर ऋषभदेव ।
(इ)आत्मनिर्भर भारत के परिपेक्ष्य में तीर्थंकर ऋषभदेव का योगदान (ई) ऋषभदेव की साधना पद्धति
(उ)अहिंसा के उद्घोषक तीर्थंकर ऋषभदे (ऊ)आदिब्रह्मा तीर्थंकर ऋषभदे
(ऋ)मेरे आस-पास के नायक( शिक्षक,देखभालकर्ता,मित्र) (ए) राष्ट्र निर्माण में बच्चों और युवाओं की भूमिका
(ऐ) राष्ट्रीय एकता (ओ) एक विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण
(औ) अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों की राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता एवं राष्ट्र निर्माण में भूमिका
(अं) विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण

**चित्रकला और पोस्टर निर्माण के विषय :-**

1.जैन धर्म के प्रवर्तक ऋषभदेव के जन्म,दीक्षा,तप,ज्ञान,उपदेश और चारित्र से सम्बन्धित
2.राष्ट्रीय एकता 3.ऋषभदेव का प्रतीक चिन्ह, स्वास्तिक 4.पर्यावरण संरक्षण

तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान में राजकीय एवं निजी विद्यालयों में विभिन्न आयु समूह के लिए विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों की सूचना भिजवाने का अनुमानित प्रारूप आपके समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत है -

**-:निर्धारित प्रारूप :-**

**कार्यक्रम / गतिविधि ...... तीर्थंकर दिवस 2025.......**

**तहसील एवं जिले का नाम**.............................
**कुल विद्यालयों की संख्या (सरकारी )**..........
**कुल विद्यालयों की संख्या (निजी)**.....
**आयोजन में सम्मिलित विद्यालयों की कुल संख्या (सरकारी एवं निजी विद्यालय)**..................

| क्रम सं. | आयोजन / गतिविधियां | सम्मिलित विद्यार्थियों की कुल संख्या | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|

।। जैनम् जयति शासनम् ।।

Mobile: 7877735999
E-mail: rsjyp21@gmail.com
jinendrajain14319@gmail.com

# राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद्

**जिनेन्द्र जैन**
**अध्यक्ष**

क्रमांक: 385/2026
दिनांक 14/2/2026

प्रतिष्ठा में,
श्रीयुत सीताराम जी जाट साहब,
माननीय निदेशक महोदय जी,
प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

विषय :- तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने / करवाने के सन्दर्भ में विनम्र निवेदन ।

सम्माननीय महोदय जी ,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आपका ध्यान आकृष्ट कर निवेदन है कि वर्तमान सरकार द्वारा जैन धर्म के प्रवर्तक देवाधिदेव भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में समस्त राज्य के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में ऋषभदेव भगवान के जीवन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्णय मार्च 2025 में लिया गया था । सरकार का यह निर्णय न केवल जैन धर्म के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम था बल्कि यह प्रदेश के सभी विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परम्पराओं से परिचित कराने का सार्थक प्रयास भी है । इससे विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव की भावना का विकास हुआ है,जो उनके समग्र व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है । वर्तमान परिपेक्ष्य में इस प्रकार का आयोजन निरन्तर प्रतिवर्ष आयोजित करने की महती आवश्यकता है ।

जैन धर्म के प्रवर्तक देवाधिदेव ऋषभदेव भगवान का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक तीर्थंकर दिवस (ऋषभनवमी) दिनांक 12 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर राज्य के समस्त विद्यालयों कार्यरत स्टाफ एवं विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परम्पराओं से परिचित कराने,युवा प्रतिभाओं का पोषण करने,रचनात्मकता को बढ़ावा देने और विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में योगदान देने के क्रम में विभिन्न आयु समूह के लिए विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों का एक सांकेतिक प्रारूप ( एनेक्सन 1 संलग्न) प्रस्तुत है ।

इसी क्रम में समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों एवं उनके निदेशकों को निर्देशित किया जाए कि वह तीर्थंकर दिवस - 2026 के अन्तर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों की सूचना ( मय 04 geo Tag photograph एवं 02 वीडियो ) दिनांक 13.03.2026 को सायं 6 बजे तक अनिवार्य रूप से विद्यालयी शिक्षा विभाग की ई - मेल आई.डी एवं राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् की ई-मेल आई.डी rsjyp21@gmail.com पर उपलब्ध करवाये जाने की महती आवश्यकता है ।

आपसे सादर अनुरोध है कि तीर्थंकर दिवस पर सम्पूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने / करवाने का श्रम फरमावे । सादर,

**अनुलग्नक :- ANNEX 1**

आपका स्नेहांकित

[signature]

जिनेन्द्र जैन
अध्यक्ष

**निवासः पिपलाई, तहसील बामनवास, सवाई माधोपुर ( राज. )– 322214**

Mobile: 7877735999
E-mail: rsjyp21@gmail.com
jinendrajain14319@gmail.com

।।जैनम् जयति शासनम् ।।

# राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद्

**जिनेन्द्र जैन**
अध्यक्ष

क्रमांक: 396/2026
दिनांक 14/2/2026

ANNEX 1

**तीर्थंकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान में सभी विद्यालयों में विभिन्न आयु समूह के लिए विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों का एक सांकेतिक प्रारूप**

**आयु वर्ग के अनुसार प्रतियोगिता**

**1.पूर्व प्राथमिक स्तर ( 3-6 वर्ष )** : चित्रकारी / पोस्टर निर्माण,श्रमणों के प्रवचन,कहानी सुनाना और प्रार्थना आदि ।

**2.प्राथमिक स्तर ( 6-10 वर्ष )** : प्रार्थना,चित्रकला,पोस्टर निर्माण,निबन्ध लेखन,श्रमणों के प्रवचन और कहानी सुनना ।
विषय :- (क).वर्तमान परिपेक्ष्य में ऋषभदेव की शिक्षाओं का महत्व (ख).तीर्थंकर ऋषभदेव का मानव हित में योगदान
(ग).मेरी संस्कृति के रंग (घ) देवाधिदेव ऋषभदेव और जीने की कला के आयाम (इ).दूसरों की मदद करना मेरी महाशक्ति

**3.माध्यमिक स्तर (11- 18वर्ष )** : निबन्ध,कविताएं,श्रमणों के प्रवचन और डिजिटल प्रस्तुतियाँ ।
विषय:- (अ)भारतीय संस्कृति के गौरव तीर्थंकर ऋषभदेव (आ) नारी शिक्षा के प्रवर्तक तीर्थंकर ऋषभदेव ।
(इ)आत्मनिर्भर भारत के परिपेक्ष्य में तीर्थंकर ऋषभदेव का योगदान (ई) ऋषभदेव की साधना पद्धति
(उ)अहिंसा के उद्घोषक तीर्थंकर ऋषभदे (ऊ)आदिब्रह्मा तीर्थंकर ऋषभदे
(ऋ)मेरे आस-पास के नायक( शिक्षक,देखभालकर्ता,मित्र) (ए) राष्ट्र निर्माण में बच्चों और युवाओं की भूमिका
(ऐ) राष्ट्रीय एकता (ओ) एक विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण
(औ) अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों की राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता एवं राष्ट्र निर्माण में भूमिका
(अं) विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण

**चित्रकला और पोस्टर निर्माण के विषय :-**
1.जैन धर्म के प्रवर्तक ऋषभदेव के जन्म,दीक्षा,तप,ज्ञान,उपदेश और चारित्र से सम्बन्धित
2.राष्ट्रीय एकता 3.ऋषभदेव का प्रतीक चिन्ह, स्वास्तिक 4.पर्यावरण संरक्षण

तीर्थकर दिवस (ऋषभ नवमी) पर सम्पूर्ण राजस्थान में राजकीय एवं निजी विद्यालयों में विभिन्न आयु समूह के लिए विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों की सूचना भिजवाने का अनुमानित प्रारूप आपके समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत है -

**-:निर्धारित प्रारूप :-**

**कार्यक्रम / गतिविधि ...... तीर्थंकर दिवस 2026.......**

**तहसील एवं जिले का नाम**.............................
**कुल विद्यालयों की संख्या (सरकारी )**..........
**कुल विद्यालयों की संख्या (निजी)**.....
**आयोजन में सम्मिलित विद्यालयों की कुल संख्या (सरकारी एवं निजी विद्यालय)**.................

| क्रम सं. | आयोजन / गतिविधियां | सम्मिलित विद्यार्थियों की कुल संख्या | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|